कोटद्वार,रविवार
21 जनवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 259 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## श्री राम जन्म भूमि मंदिर, अयोध्या

# रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

**पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रमी संवत् 2080**
**सोमवार, 22 जनवरी 2024, समय दोपहर 12:20 बजे**



### गौरवपूर्ण उपस्थिति

**महन्त नृत्यगोपालदास जी महाराज**
अध्यक्ष, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र

**माननीय नरेन्द्र भाई मोदी**
प्रधानमंत्री, भारत सरकार

**डॉ. मोहनराव भागवत**
सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ जी महाराज**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**देश के लगभग 125 परम्पराओं के सन्त-महापुरुष एवं भारत की सभी विधाओं के 2,500 श्रेष्ठ पुरुषों की उपस्थिति**

अपने गाँव/ मोहल्ले/ कॉलोनी का वातावरण राममय करें

## रामलला के स्वागत में मंगल गीत गायें
## भारत को राममय बनायें
## ऐतिहासिक क्षणों में अपने द्वारे दीप जलायें

- ★ मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक अपने निकट के मंदिर में स्वच्छता अभियान चलायें।
- ★ 22 जनवरी को अपने निकट के मंदिर में सामूहिक राम नाम संकीर्तन करें।
- ★ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अपने निकटतम मंदिर में टीवी/एलईडी/स्क्रीन लगाकर सामूहिक रूप से दिखायें।
- ★ प्राण प्रतिष्ठा के बाद अपने गाँव/कॉलोनी/मोहल्ले में प्रसाद वितरित करें।
- ★ प्राण प्रतिष्ठा के दिन, सायंकाल घर की चौखट और कार्यस्थल/दुकान पर कम से कम पांच दीपक जलायें।
- ★ प्राण प्रतिष्ठा दिवस के उपरांत दर्शन हेतु अपने अनुकूल समयानुसार अयोध्या पधारें।

Regd.No.76/1683 PAN - AAZTS6197B

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र

कैम्प कार्यालय : मन्दिर निर्माण कार्यशाला, रामघाट चौराहा, अयोध्या-224123

# कूड़ादान बना दिया मालवीय उद्यान पार्क, सुकून हुआ गायब


कोटद्वार में मालवीय उद्यान पार्क के प्रवेश द्वार में पड़ा कबाड़

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** ठंड के मौसम में धूप का आनंद लेने के लिए आमजन पार्कों की ओर अपना रुख करता है। बावजूद नगर निगम पार्कों के सौंदर्यीकरण को लेकर लापरवाह बना हुआ है। हालत यह है कि नगर निगम परिसर के समीप स्थित मालवीय उद्यान पार्क को कबाड़खाना बनाया जा रहा है। प्रवेश द्वार के समीप लोहे का कबाड़ एकत्रित किया गया है। बाजार से जब्त की गई ठेलियां भी पार्क में खड़ी हैं। जबकि, नगर निगम ने कुछ माह पूर्व लाखों की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण भी करवाया था।

## मालवीय उद्यान पार्क में एकत्रित किया जा रहा कबाड़ लाखों की लागत से किया गया था पार्क का सौंदर्यीकरण

बच्चों व बुजुर्गों के साथ ही आमजन के लिए नगर निगम परिसर के समीप पार्क बनाया गया है। कुछ माह पूर्व नगर निगम ने करीब डेढ़ लाख की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण किया था। पार्क के सौंदर्यीकरण के बाद आसपास के बुजुर्ग व बच्चें शाम के समय यहां टहलने व खेलने के लिए भी पहुंचते थे। लेकिन, वर्तमान में नगर निगम ने पार्क को बदहाल कर दिया है। पार्क में एकत्रित कबाड़ से बच्चों के चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। दरसअल, बुद्धा पार्क के सौंदर्यीकरण के बाद वहां से निकले कबाड़ को मालवीय उद्यान पार्क में इक्कठा किया गया है। ऐसे में नगर निगम ने एक पार्क को तो चमका दिया है। लेकिन, दूसरे पार्क को बदहाल कर दिया।

### असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

शहर के बीच स्थित मालवीय उद्यान पार्क अव्यवस्थाओं के कारण असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। शाम ढलते ही पार्क में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। यही नहीं पार्क में कूड़ेदान की भी बेहतर व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे कई व्यक्ति अपने साथ लेकर आने वाले खाद्य पदार्थों के रेपर पार्क में ही फेंक देते हैं।

## महाराणा प्रताप स्टेडियम देहरादून ने जीता फाइनल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जिला क्रीड़ा विभाग की ओर से आयोजित हॉकी का फाइनल मुकाबला महाराण प्रताप राजकीय स्टेडियम देहरादून के नाम रहा। प्रतियोगिता में दस से अधिक टीमों ने प्रतिभाग किया।

शशिधर भट्ट स्टेडियम में आयोजित सेमीफाइनल का पहला मुकाबला नैनीताल व पौड़ी के मध्य खेला गया। जिसमें नैनीताल की टीम 1-0 से विजयी रही। दूसरे मैच में महाराणा प्रताप स्टेडियम देहरादून ने जिला देहरादून को 1—0 से हराया।

तृतीय मुकाबला में देहरादून ने जिला पौड़ी को 4-1 से हराया। इसके उपरांत फाइनल मुकाबला महाराणा प्रताप स्टेडियम देहरादून व नैनीताल के मध्य से खेला गया। जिसमें देहरादून की टीम 5-1 से विजयी रही। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने फाइनल विजेता टीम को ट्राफी भेंट की। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट, स्टेडियम इंचार्ज संदीप डुकलान, मोहित रावत, अमित कटारिया, नीरज रावत, गोविंद लटवाल, सौरभ पटवाल, कुसुम पटवाल आदि मौजूद रहे।

# खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े युवा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार/सतपुलीः विकासखंड पोखड़ा के अंतर्गत पब्लिक इंटर कॉलेज लियाखाल पहुंचे सहायक पुलिस आयुक्त दिल्ली क्राइम ब्रांच कोला निवासी ललित मोहन नेगी ने विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट भैरव स्टेडियम उचीर सिलेत में मुख्य अतिथि के तौर में शिरकत की। इस अवसर पर पब्लिक इंटर कॉलेज लियाखाल के प्रधानाचार्य दीपक रावत एवं समस्त स्टाप के द्वारा ललित मोहन नेगी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ललित मोहन नेगी ने कहा कि हमें अपने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पहाड़ के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए वह पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने विद्यालय को भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने पूर्व में विद्यालय को फर्नीचर व कंप्यूटर भी दिए थे। इस मौके पर ग्राम प्रधान सिलेत राजपाल रावत, देवेंद्र रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरीश ढौंडियाल, चंद्रमोहन नेगी, सुरेंद्र रावत, जगमोहन रावत, कलम सजवाण, बेलम सिंह, सोहन, भूपेन्द्र सिंह, अशोक, अनिल रावत, अर्जुन सिंह, बेलम सिंह, हेमलता रावत, कुसुम देवी, ललित मोहन, सतपाल, जितेंद्र, जयकृत रावत, विजय नेगी, उमेश चंद्र, पूरण सिंह, साधों सिंह, कन्हैया रावत, आनन्द सिंह, हरि सिंह, बलबीर रावत, सुमन ढौंडियाल आदि मौजूद रहे।


ललित मोहन नेगी का स्वागत करते सदस्य




## पौड़ी पुलिस ने जीते दो स्वर्ण और एक रजत पदक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : हरिद्वार जिले में हुई 21वीं प्रादेशिक वैज्ञानिक अनुसंधान प्रतियोगिता में पौड़ी पुलिस के जवानों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीते है। पौड़ी से टीम प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप बिष्ट के नेतृत्व में पौड़ी पुलिस द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में एविडेंस की हैंडलिंग पैकेजिंग और फॉरवर्डिंग प्रतियोगिता में अपर उपनिरीक्षक कैलाश कड़ाकोटी ने स्वर्ण पदक, अपर उपनिरीक्षक जावेद खान ने रजत पदक व घटनास्थल निरीक्षण में आरक्षी सज्जन सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। पुलिस जवानों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुलिस अफसरो ने खुशी जताई है।

## प्रोजेक्टर में विद्यार्थियों को दिखाया राम मंदिर

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व जानकीनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से भगवान श्रीराम मंदिर सहित अन्य तीर्थों स्थलों को दिखाया गया।आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने किया। बच्चों ने भगवान श्रीराम के संबधित प्रेरक प्रसंग, भजन, कविताएं व गीतों की प्रस्तुति दी। विद्यालय के शिक्षक अंचल कुमार ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात शिक्षक मनोज जोशी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से अयोध्या में बन रहे भगवान श्रीराम मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों को दिखाया। प्रधानाचार्य दीपक नौटियाल ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को अपने घरों में दिए जलाने का आग्रह किया। इस मौके पर योगेश नेगी, सुनीता पंत, कीर्ति द्विवेदी, अंजू, श्रेया चौधरी, अंजलि कंडवाल, पूजा चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# हृदय गति रूकने से हुई मौत, आंखे की दान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बाल भारती पब्लिक स्कूल के सह प्रबन्धक 42 साल के कुणाल रावत का हृदय गति रूकने से निधन हो गया। उनकी दोनों आंखें परिजनों ने दान में दी, जिससे की दो लोगों के अंधेरे जीवन में उजाला हो सके। समाजसेवी दलजीत सिंह ने बताया कि गिरिराज सिंह रावत ने स्वयं और परिजनों के नेत्रदान का पूर्व में ही संकल्प लिया था। उसी के तहत कुणाल रावत के नेत्रदान का निर्णय लिया गया।

बाल भारती पब्लिक स्कूल के संस्थापक गिरिराज सिंह रावत के कनिष्ठ पुत्र कुणाल रावत का शनिवार को हृदय गति रूकने से निधन हो गया। मृतक के बाद स्वजनों ने कुणाल की आंखों को दान किया। जिससे किसी के अंधेरी जिंदगी में उजियारा होगा। समाज सेवी दलजीत सिंह ने बताया कि मोटाढांग मल्ला निवासी कुणाल (42) वर्ष अपने पिता के साथ विद्यालय की व्यवस्थाओं में अपने पिता का हाथ बढ़ाते थे। शनिवार सुबह अचानक उनके सीने में



दर्द होने लगा जिसके बाद स्वजन उन्हें राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार लेकर आए। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने स्वजनों को उन्हें हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। लेकिन, हायर सेंटर ले जाने से पूर्व ही उनका निधन हो गया। बेटे की मौत के बाद गिरिराज सिंह रावत ने उसकी आंखे दान करने का निर्णय लिया। कुणाल रावत के दो छोटे बच्चे भी हैं। समाज सेवी दलजीत सिंह ने बताया कि नेत्रदान के लिए निर्मल आश्रम आई इन्स्टीट्यूट नेपाली फार्म ऋषिकेश में संपर्क किया गया। निर्मल आश्रम आई इन्स्टीट्यूट की टीम मोटाढाक कोटद्वार पहुंची। बता दें कि कुछ वर्ष पूर्व कुणाल की चाची की दिल्ली एम्स में मौत हो गई थी। उसे समय भी स्वजनों ने उनका पूरा शरीर दान कर दिया था।

**नेत्र दान करने के लिए छह घंटे का समय**

1. मृत्यु के छः घंटे के भीतर आंखे दान की जाती हैं।
2. मृतक की आंखे बंद कर उन पर गीली रूई के फाहे रख दें
3. पंखा बंद कर दें, यदि एसी हो तो चलने दें
4. सिर के नीचे तकिया रख दें
5. नेत्रदान के दौरान कॉर्निया निकाली जाती है, पूरी आंख नहीं निकाली जाती।

## गढ़वाल रेजीमेंट लैंसडौन के सौ वर्ष पूर्ण, साइकिल यात्रा निकाली

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल रेजीमेंट लैंसडौन के सौ वर्ष पूर्ण होने पर रेजीमेंट की ओर से साइकिल यात्रा निकाली गई। रेजीमेंड के सौ वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को लैंसडौन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रिगेडियर वीएस चौधरी ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में शामिल 16 सदस्य लैंसडौन, ज्वाल्पा, श्रीनगर, चोपता, गौरी लस्या, पिखे, बौरड़ी-टिहरी, दुवाधर, बिजनी बड़ी और सिलोगी जैसे अन्य दूरस्थ क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। इसके उपरांत 29 जनवरी को यह यात्रा वापस लैंसडौन पहुंचेगी।

## मुख्यमंत्री से की निर्माण कार्य का भुगतान नहीं होने की शिकायत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पेयजल टैंक निर्माण के तीन वर्ष बाद भी पैसो का भुगतान नहीं होने पर ठेकेदार ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि वह पैसों का भुगतान करवाने के लिए कई बार पंचायत मंत्री से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। कदोला निवासी राजेंद्र सिंह रावत ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि तीन वर्ष पूर्व उन्होंने विधायक निधि से ग्राम सरोली के दममोटा गांव में पेयजल टैंक का निर्माण किया था। लेकिन, शासन से पैसा स्वीकृत होने के बाद भी अब तक उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। नतीजा उनके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैसों का भगतान करने के लिए वह पंचायत मंत्री से कई बार निवेदन कर चुके हैं। लेकिन, पंचायत मंत्री हर बार उन्हें आश्वासन ही दे रहे हैं। कहा कि यदि जल्द पैसों का भुगतान नहीं किया गया तो वह आंदोलन को मजबूर होंगे।

## छात्राओं ने पास की नेट परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के राजनीति विज्ञान विभाग की तीन छात्राओं ने नेट परीक्षा पास की है।

राजनीति विज्ञान विभाग की तीन छात्राओं वैशाली रावत, मनोरमा तथा प्रेरणा ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की। वैशाली रावत ने अपने पहले ही प्रयास में नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की है।

वहीं प्रेरणा ने भी पहले प्रयास में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। मनोरमा ने अपने दूसरे प्रयास में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सभी छात्राओं को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी गई।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने तीनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है, जिसमें कड़ी मेहनत के बाद ही परीक्षार्थी को सफलता प्राप्त होती है।

# भाबर क्षेत्र में निकाली भव्य शोभा यात्रा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शनिवार को भाबर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल महिलाओं ने जय श्रीराम के जयघोष लगाए।

भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने भी भाग लिया। हाथों में भगवे झंडे व जयकारों के साथ महिलाओं ने भाबर क्षेत्र का भ्रमण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का देशवासी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कई दशकों के बाद 22 जनवरी को वह शुभ दिवस आ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने आमजन से 21 व 22 जनवरी को मालवीय उद्यान में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम व भजन संध्या में भी भाग लेने की अपील की। भजन संध्या में भजन गायक पवन गोदियाल व कविता गोदियाल अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। कहा कि पूरे शहर में श्री रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। यही नहीं, 22 जनवरी को आर्य कन्या इंटर कालेज कोटद्वार से शहर में एक भव्य शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक प्रमोद केष्टवाल, शशिबाला केष्टवाल, मनोज, आराधना देवी, मोनिका देवी आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में शोभायात्रा में शामिल विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

## आक्रोशित पेयजल कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पेयजल योजना के निर्माण व रख-रखाव का कार्य बाह्य एजेंसियों (एडीबी) से कराए जाने के विरोध में उत्तराखंड जल संस्थान के महाप्रबंधक संस्थान में जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया गया। इस दौरान आक्रोशित कर्मचारियों ने जल्द ही यह निर्णय वापस लेने की मांग की। शनिवार को उत्तराखंड जल संस्थान के महाप्रबधंक संस्थान में जल निगम व जल संस्थान सुयंक्त मोर्चा के आह्वान पर कर्मचारियों ने दो घंटे तक कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने कहा कि शासन ने पेयजल योजना के निर्माण व रख-रखाव का कार्य बाह्य एजेंसियों (एडीबी) को दे दिया है, जिससे अधिकारियों व कर्मचारियों में नाराजगी बनी हुई है। कार्य बहिष्कार में एएस अंसारी, प्रवीन सैनी, एमके राय, कुंवर सिंह रावत, अजेंद्र कुमार, थपलियाल, मनीष नौड़ियाल, ललित थपलियाल, पूरण सिंह, महेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, शिशुपाल सिंह, रोहित कुमार आदि शामिल रहे।

# बायोमेट्रिक मशीन में नहीं मिल रहे अंगुलियों के निशान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राशन की दुकानों में बायोमेट्रक मशीन में वरिष्ठजनों के हाथों की अंगुलियों के निशान सत्यापित नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने प्रशासन से उक्त समस्या के निराकरण की मांग की है।

शनिवार को स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपा। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान में खाद्यान्न की दुकानों में आनलाइन बायोमेट्रिक की व्यवस्था है। लेकिन, वरिष्ठजनों व वृद्धजनों के अंगुलियों के निशान बायो मैट्रिक मशीन में नहीं आ रहे हैं। जिससे उन्हें खाद्यान्न वितरण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में एकाकी जीवन जी रहे वरिष्ठजन व वृद्धजनों के लिए दो वक्त की रोटी की समस्या हो गई है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से ऐसे वरिष्ठजनों व वृद्धजनों के लिए दूसरा वैकल्पिक समाधान किए जाने की मांग की है।

## फांसी लगाकार जीवन लीला की समाप्त

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शिवराजपुर निवासी एक युवक ने पंखे के सहारे रस्सी से लटककर आत्महत्या कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया।

उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि शिवराजपुर निवासी भूपेंद्र उर्फ भुवन (35) पुत्र हरिदत्त ने अपने कमरे में पंखे से लटक कर फांसी लगा ली।

स्वजनों ने दरवाजा तोड़ शव को पंखे से नीचे उतारा और बेहोशी की हालत में उसे राजकीय बेस हास्पिटल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## श्री देवलेश्वर महादेव मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों पर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गगवाडस्यूं घाटी के सिद्धपीठ श्री देवलेश्वर महादेव मंदिर में भी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। मंदिर समिति द्वारा 22 जनवरी की रात को श्रीराम के स्वागत में 1 हजार दिए जलाए जाएंगे। वहीं, अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर राठ क्षेत्र में भी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जगह-जगह मंदिरों में भजन—कीर्तनों के साथ ही निमंत्रण, अक्षत कलश बांटे जा रहे है।सिद्धपीठ श्री देवलेश्वर महादेव मंदिर समिति के सचिव जगतकिशोर बड़थ्वाल ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर में तैयारियां जोरो पर हैं। रामचंद्र के स्वागत पर रविवार को दीपोत्सव कर 1 हजार दिए जलाए जाएंगे। सोमवार को 5 हजार लडडू का प्रसाद बनेगा। दिनभर मंदिर में भजन व कीर्तन किए जाएंगे। बताया कि यह प्रसाद क्षेत्र के 34 गांवों में वितरित किया जाएगा। बताया कि रामलला के स्वागत को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। महिलाएं भी घर-घर जाकर अक्षत और श्रीराम की अयोध्या की फोटो वितरण कर रही हैं, वही दूसरी ओर सैंजी निवारी प्रिया नौटियाल अपनी पेंटिंग के माध्यम से घर में राम, सीता, हनुमान की पेंटिंग बनाकर राम के स्वागत की तैयारियों में जुटी है, साथ ही लोगों को घर-घर में दीपावली मनाने को लेकर सभी ग्रामीणों को प्रेरित कर रही है। क्षेत्र में संजय नौटियाल, सुरेन्द्र नौटियाल, देवेश्वरी देवी, शैलजा नौटियाल, मोहित नौटियाल, शलोनी, वर्षा, आशु पांडे आदि भी श्रीराम के स्वागत में जुटे हुए है।

## नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जड़ाऊखांद संगलिया में नव निर्मित श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। शनिवार को सुबह कलश यात्रा के बाद मंदिर में विधिवत पूजन कार्यक्रम शुरू किया गया।

व्यास पीठ आचार्य पंडित रमेश घिल्डियाल ने बताया कि शनिवार को कलश यात्रा के बाद विधि-विधान से पूजा शुरू कर दी गई है। शिखर पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास आदि पूजा विधान संपन्न होंगे। शनिवार से सोमवार तक पूजा-अर्चना चलती रहेगी। रविवार को संतोषी माता की मूर्ति की स्थापना होगी। सोमवार को भगवान राम की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके बाद पूजा संपंन होने के बाद हवन व भंडारा होगा।

# डीएम ने गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर अफसरों को सौंपी जिम्मेदारी

## बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2024 को धूमधाम से मनाये जाने को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने शनिवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पुलिस, होमगार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर पालिका, खेल, लोनिवि, संस्कृति सहित संबंधित विभागों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी। एनआईसी कक्ष में बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कंडोलिया मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां निकाली जाएगी, इसके लिए उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त कार्यालयों में 25 व 26 जनवरी को एलईडी से प्रकाशमान करने व सार्वजनिक/प्रमुख चौराहों पर लाउड स्पीकर के माध्यम से देशभक्ति एवं देशप्रेम गीतों का प्रसारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संस्कृति विभाग सांस्कृतिक दलों के माध्यम एवं शिक्षा विभाग स्कूली छात्र-छात्राओं के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कार्यक्रम स्थल या उनके घर जाकर उन्हें सम्मानित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यालयों में जिन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसी भी क्षेत्र में बेहतर कार्य किया गया हो उन्हें भी सम्मानित किया जाना है, इसके लिए उन्होंने विभागों को सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल कंडोलिया मैदान में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश भी दिये।

बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, सीओ पुलिस वैभव सैनी, मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश गौड़, अधिशासी अभियंता पेयजल वीरेंद्र भट्ट, युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र सिंह, एसडीओ वन विभाग लक्की शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# पालाग्रस्त क्षेत्रों में नियमित चूना छिड़काव करें : डीएम

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर होगी कार्यवाही

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में राजस्व, पुलिस व परिवहन विभाग को संयुक्त रुप से शराब पीकर वाहन संचालकों के चालान करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पालाग्रस्त क्षेत्र हैं वहां चूना छिड़काव नियमित रूप से करें। जिससे पाला से हो रहे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। साथ ही उन्होंने जिस क्षेत्र में जो दुर्घटनाएं हुई हैं उनकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश उपजिलाधिकारियों को दिये। शनिवार को आयोजित सड़क सुरक्षा की बैठक में जिलाधिकारी ने शराब पीकर वाहन संचालित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक कार्यवाही करने को संबंधित अधिकारियों को कहा। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, पुलिस व परिवहन विभाग को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत नियमित रूप से वाहनों की चौकिंग करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि जो नये मार्ग बने हैं उनका सही तरीके से निरीक्षण करें, जिससे उन मार्गों पर वाहनों का संचालन सुचारू किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटनाओं के कारणों की सही रिपोर्ट दें। कहा कि जो संबंधित अधिकारी रिपोर्ट सही नहीं देंगे उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को दुर्घटनाओं पर रोक लगाने, शराब पीकर वाहन संचालित करने, मार्गो पर क्रैश बेरियर लगाने सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी व लोनिवि के अधिकारियों को कहा कि जहां अभी तक मार्गों पर झाड़ी कटान नहीं हुई उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे वहां समय पर झाड़ी कटान किया जा सकेगा। बैठक में बताया गया कि बीते माह दिसम्बर, 2023 में कुल 3 दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें 02 लोगों की मृत्यु व 02 लोग घायल हुए थे। बीते वर्ष माह जनवरी से दिसम्बर तक एम0वी0 एक्ट के तहत पुलिस विभाग के 8745 व परिवहन विभाग द्वारा 4522 चाहन किये गये हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इस वर्ष भी चालान की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में अधीक्षण अभियंता लोनिवि पीएस बृजवाल, संयुक्त मजिस्ट्रेट मनामिका, आरटीओ अनिता चंद, सीओ पुलिस वैभव सैनी सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।


डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए।

कोटद्वार,रविवार
21 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 259 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# सभी राम भक्तों का 500 से अधिक वर्ष का इंतजार खत्म-सीएम








## सीएम धामी ने किया राम राज्य शोभायात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड देहरादून में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति, द्वारा आयोजित ह्लराम राज्य शोभायात्राह्ल कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी राम भक्तों का 500 से अधिक वर्ष का इंतजार खत्म होकर भव्य राम मंदिर बनने का सपना पूरा हो रहा है। हजारों साधु संतों राम भक्तों, सनातन प्रेमियों के बलिदान के उपरांत इस पुण्य दिन के हम सब साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के हम सब साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राम मंदिर बनाए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। आज उनके नेतृत्व में हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा देवभूमि उत्तराखंड से भगवान श्रीराम का भी विशेष नाता है। देवप्रयाग में भगवान श्रीराम को समर्पित रघुनाथ मंदिर एवं बागेश्वर जनपद में निर्मल बहती सरयू नदी है। मां सरयू का उद्गम स्थल हमारे उत्तराखंड में है एवं सरयू किनारे ही अयोध्या धाम में श्रीराम विराजमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामकाज में उत्तराखंड के लोग हमेशा आगे रहते हैं। राज्य सरकार द्वारा 22 तारीख को शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के साथ ही सरकारी कार्यालयों में अपराहन 2:30 बजे तक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा उत्तराखंड सरकार ने अयोध्या में उत्तराखंड सदन बनाए जाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार से अयोध्या धाम के समीप जमीन दिए जाने का आग्रह किया था, जमीन उत्तराखंड सरकार को आवंटित हो गई है। उन्होंने कहा करीब तीन एकड़ भूमि पर उत्तराखंडवासियों के लिए भव्य उत्तराखंड सदन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत उत्तराखंड सरकार मंत्रिमंडल के साथ राम मंदिर के दर्शन के लिये अयोध्या जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक उत्तराखंडवासी श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को पूरे धूमधाम से मना रहा है। राज्य के अंदर सांस्कृतिक महोत्सव के तहत विभिन्न मंदिरों घाटों में सफाई अभियान एवं भजन कीर्तन चल रहे हैं। उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम की कृपा से ही उत्तराखंड निरंतर आगे बढ़ रहा है। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के हम तब साक्षी बन रहे हैं, जब पर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, कश्मीर से धारा 370 समाप्त की गई है, देश में जी-20 का सफल आयोजन हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, सविता कपूर, आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ शैलेंद्र सिंह, महंत रमन गोस्वामी, महंत कृष्णा गिरी महाराज, महामंत्री संगठन अजेय कुमार, सिद्धार्थ अग्रवाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्रीरामलला की मूर्ति की वायरल फोटो पर मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास सख्त

### बोले- प्राण-प्रतिष्ठा से पहले नहीं खोली जा सकती आंख, होगी जांच



अयोध्या ,पिछले कुछ घंटों से अयोध्या में श्रीराम मंदिर की मूर्ति की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इस मूर्ति को अभी खोला नहीं गया है। लेकिन एक तस्वीर बार बार सामने आ रही है कि उनके नेत्र खुले हैं। इस पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने अपनी टिप्पणी दी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि मूर्ति स्थापित हो गई है और उसे अभी खोला नहीं गया है। उन्होंने कहा कि रामलला की मूर्ति को कपड़े से ढक दिया गया है। रामलला की आंख से पट्टी हटने और खुली आंखों वाली तस्वीर के सवाल पर सत्येंद्र दास ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले आंखों को खोला नहीं जा सकता। जिस मूर्ति का चयन हो जाता है, उस मूर्ति की आंखें बंद कर दी जाती हैं। उनकी आंखों को ढक दिया जाता है। जो तस्वीर दिखाई दे रही है वो मूर्ति है ही नहीं।सत्येंद्र दास ने कहा कि ऐसी तस्वीर मिल नहीं सकती और अगर ऐसी तस्वीर है तो उसकी जांच होगी। ये जांच होगी कि मूर्ति की आंखें किसने खोली और ये तस्वीर कैसे वायरल हो गई। मंदिर के मुख्य पुजारी का कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए सारे कार्य होंगे, लेकिन नेत्र नहीं खुलेंगे। इस समय कर्म कांड किए जा रहे हैं।

### बंगाल राशन वितरण मामला

## ईडी ने विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेकर आरबीआई से मांगी मदद




कोलकाता ,पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में किए गए विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेन को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मदद मांगी है। ईडी ने पहले ही कोलकाता में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में विस्तार से बताया है कि कैसे मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आध्या ने कथित घोटाले की कई करोड़ रुपये की रकम को पहले विदेशी मुद्रा में और बाद में हवाला मार्ग से विदेश मुख्य रूप से दुबई और बांग्लादेश में भेजा। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी अब इस मामले में देश के शीर्ष बैंक के साथ अपने पहले से ही सुरक्षित निष्कर्षों की पुष्टि करना चाहते हैं, यह देखते हुए कि विदेशी मुद्रा लेनदेन बाद के नियमों के तहत नियंत्रित होते हैं।सूत्रों ने कहा कि ईडी के अधिकारियों ने पहले ही राशन वितरण मामले की जांच के दौरान सामने आए करोड़ों विदेशी मुद्रा लेनदेन में मानदंडों के उल्लंघन की पहचान कर ली है। मानदंडों के अनुसार जो व्यक्ति इस विदेशी मुद्रा विनिमय के लिए जा रहे हैं, उन्हें विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत भारतीय रुपये को विदेशी मुद्रा में परिवर्तित करते समय यात्रा विवरण प्रस्तुत करना होगा।

## राम मंदिर उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री ने लगाई रामेश्वरम में डुबकी

### श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में की पूजा

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)। पीएम मोदी तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने आज तिरुचिरापल्ली के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

**श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना**

पीएम मोदी ने तिरुचिरापल्ली के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में कंब रामायण के छंदों का पाठ सुना।

इस प्राचीन मंदिर की यात्रा के दौरान उन्होंने पारंपरिक तमिल पोशाक पहनी थी। बता दें कि पीएम मोदी श्री रंगनाथस्वामी मंदिर जाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'अग्नितीर्थ' समुद्र तट पर पवित्र स्नान करने के बाद भगवान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की और रुद्राक्ष-माला से जाप भी किया। पुजारियों द्वारा उन्हें पारंपरिक सम्मान दिया गया। पीएम मोदी मंदिर में आयोजित भजनों में भी हिस्सा लिया।

### एक नजर

#### उत्तराखंड में 22 और 26 जनवरी को लेकर अलर्ट जारी, सतर्कता बरतने के निर्देश


देहरादून ,देहरादून सहित पूरे प्रदेश में 22 जनवरी और 26 जनवरी को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है, जिसे लेकर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित किया गया है।एडीजी कानून व्यवस्था ए.पी. अंशुमन ने सभी रेंज और सभी जिलों की बैठक ली। इस बैठक में पुलिस और सभी खुफिया विभागों को 22 जनवरी और 26 जनवरी को लेकर अलर्ट मोड पर रहने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए गए। सभी जिलों के एसएसपी को अपने-अपने क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फोर्स मैनेजमेंट पुख्ता करने को कहा गया है। 26 जनवरी को देखते हुए सभी रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, पार्किंग, भीड़भाड़ वाले इलाकों के साथ ही सभी धार्मिक स्थलों पर सख्ती के साथ चेकिंग की जाएगी।इसके अलावा राज्य से चलने वाली ट्रेनों में विशेष चेकिंग के भी निर्देश दिए गए। सीमावर्ती राज्यों, जनपदों के बॉर्डर व चेक पोस्टों पर सघन चेकिंग के भी निर्देश दिए गए हैं। होटल, धर्मशालाओं, गेस्ट हाउसों में विदेशी नागरिकों के ठहरने संबंधित सी- फॉर्म के नियमों का कड़ाई से पालन कराने को भी कहा गया है।

#### नीतीश कुमार ने की अपनी टीम की घोषणा, सूची में पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह का नाम नहीं

पटना ,जनता दल (यूनाटेड) के अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नयी टीम की घोषणा कर दी। इस सूची में जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी को राजनीतिक सलाहकार और प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई। जबकि, सूची में पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह का नाम नहीं है। नीतीश कुमार की नई टीम में राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

### देश में तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मामले

## पिछले 24 घंटों में 3 लोगों की मौत, 313 नए केस आए सामने



नई दिल्ली। भारत में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना के 313 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, देश में सक्रिय मामलों में कमी दर्ज की गई है, जो कि घटकर 2,041 रह गए हैं। देश में सक्रिय मामलों की संख्या 2,331 थी। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में संक्रमण से कर्नाटक में दो और महाराष्ट्र में एक लोगों की मौत हो गई है।

**कोरोना मामलों में दर्ज की गई बढ़ोतरी**

मालूम हो कि पांच दिसंबर तक कोरोना मामलो में कमी दर्ज की गई थी, जो कि इसके मामलों की संख्या दोहरे अंक में आ गई थी। हालांकि, कोरोना के नए वैरिएंट सामने आने के बाद इसके माममों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि देश में कोरोना का खठ.1 वैरिएंट न तो नए मामलों में तेजी से वृद्धि कर रहा है और न ही अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर में वृद्धि कर रहा है।

**केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निगरानी करने को कहा**

देश में कोविड मामलों की संख्या में लगातार वृद्धि और जेएन.1 वेरिएंट का पता चलने को लेकर केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निगरानी करने को कहा है। राज्यों को कहा गया कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों को पालन करें।

#### जमीन घोटाले में सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ शुरु, आवास पर पहुंची ईडी के अफसरों की टीम

रांची , ईडी ने रांची के बडग़ांई अंचल के जमीन घोटाले को लेकर सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ शुरू कर दी है। ईडी के अफसरों की टीम दोपहर करीब एक बजे कांके रोड स्थित सीएम आवास पहुंची। टीम में छह अफसर हैं। सीएम आवास के मुख्य गेट पर ईडी के अधिकारियों से जानकारी ली गई और उनका नाम लिखा गया। उनका परिचय लेने के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। ईडी की पूछताछ को लेकर सीएम आवास से लेकर ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित दफ्तर में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी ने सीएम सोरेन को 13 जनवरी को आठवीं बार समन भेजकर 16 से 20 जनवरी के बीच हाजिर होने को कहा था। एजेंसी ने उन्हें कहा था कि वे दो दिनों के भीतर बयान दर्ज कराने के लिए समय और जगह निश्चित कर सूचित करें। ईडी ने सोरेन से कहा था कि अगर 16 से 20 जनवरी के बीच वे एजेंसी के समक्ष हाजिर नहीं होते हैं तो उसे खुद उनके पास आना पड़ेगा। ईडी ने यहां तक कहा था कि ऐसी स्थिति में विधि-व्यवस्था को लेकर चुनौतियां खड़ी हो सकती है। यह आपकी जिम्मेदारी होगी और इसलिए विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आप राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को उचित निर्देश दे दें। इसके बाद 16 जनवरी को हेमंत सोरेन ने ईडी को पत्र लिखकर सूचित किया कि एजेंसी उनसे 20 जनवरी की दोपहर कांके रोड स्थित सीएम हाउस में आकर उनका बयान दर्ज कर ले।

## कोहरे की वजह से सब्जी मंडी में सब्जियों की आवक कम, दाम बढ़े



हरिद्वार। उत्तराखंड में घने कोहरे और बढ़ती ठंड से लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गईं हैं। कोहरे में गाड़ियों की रफ्तार भी कम हो गई है, जिससे लोगों को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे की वजह से सब्जी मंडी में सब्जियों की आवक कम हो गई है। आवक कम होने से मंडी के भीतर थोक में सब्जियों के दाम बढ़े है। मंडी में फुटकर विक्रेताओं को सब्जियां बढ़े दामों पर मिल रही हैं।

इस कारण बाजारों में भी ग्राहकों को सब्जी महंगे दामों बेची जा रही है। सब्जियों के दाम बढ़ने से महिलाएं परेशान है। हाल के दिनों में सब्जी मंडी में सिर्फ 30 फीसदी वाहन दिल्ली, हिमाचल, नागपुर, गाजियाबाद यूपी, उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र और अन्य राज्यों से सब्जियां लेकर पहुंच रहे हैं।

| सब्जी | दामपहले | दाम अब |
|---|---|---|
| भिंडी | 80 | 100 |
| टमाटर | 30 | 40 |
| गोभी | 20 | 30 |
| शिमला मिर्च | 40 | 60 |
| मटर | 30 | 40 |
| प्याज | 25 | 30 |
| मूली | 20 | 25 |
| गाजर | 15 | 20 |
| नींबू | 80 | 100 |
| अदरक | 120 | 160 |
| फ्रास बीन | 40 | 60 |
| पालक | 10 | 40 |

**(नोट दाम रुपये में प्रति किलो के हिसाब से है।)**

कोहरे के कारण सब्जियों की फसल प्रभावित हो गई है। अन्य राज्यों से सब्जियों की आवक कम है। पिछले 10 दिनों में सब्जियों के दाम बढ़े है। फुटकर में ग्राहकों को बढ़े दामों पर सब्जी मिल रही है।

**— शाहरुख, फुटकर सब्जी विक्रेता**

कोहरे और ठंड के कारण मंडी में सब्जियों की आवक कम है। सब्जियां खेतों में खराब हो रही है। मंडी में सब्जियों के दाम बढ़े हुए है। सब्जी महंगी बिक रही है। सिर्फ 30 फीसदी वाहन मंडी में सब्जी लेकर पहुंच रहे है। **— शाहिद मंसूरी, थोक विक्रेता**

सब्जियों की आवक और पैदावार कम होने के कारण दाम बढ़े है। आवक कम और सब्जी की मांग ज्यादा है। आवक बढ़ने पर दाम कम होने की उम्मीद है। ग्राहक सीमित मात्रा में सब्जी खरीद रहे है।

**— रजनीश, फुटकर सब्जी विक्रेता**

बाजारों में अदरक 160, भिंडी और नींबू 100 रुपये किलो बिक रही है। फ्रासबीन, धनिया 60 रुपये किलो और पालक के दाम 40 रुपये किलो हो गए है। कोहरे के कारण सब्जियों की आवक कम है।

**— राजकुमार, फुटकर सब्जी विक्रेता**

घने कोहरे, शीत लहर और ठंड के कारण मंडी में सब्जियों की आवक कम हो गई है। ठंड और ओस के कारण सब्जियों का उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। गृहणियों को मंडी के बाहर फुटकर में अदरक 160 रुपये, भिड़ी और नींबू 100 रुपये प्रति किलो तक मिल रहे है।

शिमला मिर्च 60 रुपये प्रति किलो, टमाटर और मटर 40, गोभी और मूली 30 रुपये प्रति किलो तक बाजारों में बिक रही है।

## जमानत अर्जी में पूर्व की याचिकाओं और उन पर आए आदेशों का दिया जाएगा ब्योराः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमेदारों द्वारा कोर्ट से सत्य छिपाने और कोर्ट को भ्रमित करने के लिए किसी भी हद तक जाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। जमानत अर्जियों में पूरी सच्चाई कोर्ट के सामने न रखने और कोर्ट को भ्रमित करने पर अंकुश लगाने के लिए जमानत अर्जियों के बारे में दिशा निर्देश जारी किये हैं।

**क्या है मामला?**

इसमें कहा गया है कि दाखिल की जाने वाली जमानत अर्जी में पूर्व में दाखिल की गई याचिकाओं और उन पर आये आदेशों का पूरा ब्योरा दिया जाए। ये आदेश न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और राजेश बिंदल की पीठ ने 19 जनवरी शुक्रवार को कुशा दुरुका बनाम उड़ीसा राज्य मामले में दिये। इस मामले में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर जमानत मांग रहे अभियुक्त ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पूरी सच्चाई नहीं रखी थी।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका लंबित रहते हुए हाई कोर्ट में दूसरी जमानत अर्जी दाखिल की और हाई कोर्ट से जमानत ले ली थी। हाई कोर्ट को भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका लंबित होने की बात नहीं बताई थी।



**सुप्रीम कोर्ट ने जताई थी चिंता**

हाई कोर्ट से जमानत मिलने का तथ्य सामने आने पर सुप्रीम कोर्ट ने मामले का रिकार्ड और रिपोर्ट मंगाई थी, जिससे पूरी सच्चाई सामने आयी। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में नैतिक मूल्यों में आती गिरावट पर चिंता जताई है। कहा है कि सदियों से भारतीय समाज में सत्य का महत्व रहा है लेकिन याचिकाकर्ता ने इसे छुपाने की कोशिश की है।

**आजादी के बाद नैतिक मूल्यों में देखा गया है गिरावट**

आजादी के पहले से सत्य न्याय का अभिन्न अंग रहा है। हालांकि आजादी के बाद से नैतिक मूल्यों में काफी बदलाव देखा गया है। पुराने नैतिक मूल्यों पर भौतिकता ने प्रभाव जमा लिया है। निजी लाभ के लिए मुकदमेदार झूठ का सहारा लेने और तथ्यों को छुपाने से नहीं हिचकते। पिछले 40 वर्षों में नैतिक मूल्यों में गिरावट आयी है और मुकदमेदार कोर्ट को भ्रमित करने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकते हैं। मुकदमेदारों की इस नई पौध के द्वारा पेश चुनौतियों से निपटने के लिए अब यह तय सिद्धांत है कि न्याय की धारा को प्रदूषित करने की कोशिश करने वाला किसी भी तरह की राहत का हकदार नहीं होता।

#### म्यांमार से भारत में आसान आवाजाही होगी बंद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली , केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ सीमा पर फेंसिंग (बाड़) लगाएगा। यह कदम दोनों देशों के बीच आसान आवाजाही को रोकने के लिए उठाया गया है। शाह का यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब बड़ी संख्या में म्यांमार के सैनिक जातीय संघर्ष से बचने के लिए वहां से भागकर भारत आ रहे हैं। अमित शाह ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब म्यांमार के तमाम सैनिक जातीय संघर्ष से बचने के लिए भारत में शरण ले रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीते तीन महीने में म्यांमार के करीब 600 सैनिक भारत में दाखिल हुए। इनमें से कुछ घायल थे। जिन्हें इलाज की व्यवस्था भारतीय सैनिकों ने मुहैया कराई।

## सिनेमाघरों में होगा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण

### ऑनलाइन टिकट बुकिंग हुई शुरू

नई दिल्ली ,अयोध्या का 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर देश भर में जोरों से तैयारी चल रही है. ऐसे में अब खबर आ रही है कि राम मंदिर के इस खास कार्यक्रम का अयोध्या से सीधा लाइव प्रसारण सिनेमाघरों में भी किया जाएगा. जो लोग अयोध्या जाने में असमर्थ हैं, वो सिनेमाघरों में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की लाइव स्क्रीनिंग देख सकते हैं. रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सिनेमाघरों में लाइव प्रासरण की खबर ने दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है. ऑनलाइन टिकट बुकिंग ऐप बुक माय शो ने इस विशेष कार्यक्रम के लिए टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है, इस दौरान सिनेमाघरों में राम मंदिर उद्घाटन की लाइव स्क्रीनिंग दिखाई जाएगी. दिल्ली-एनसीआर और मुंबई जैसे



बड़े शहरों में इसके लिए थिएटर में एडवांस बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है. पीवीआर और आइनॉक्स जैसे मल्टीप्लेस जैसे अन्य सिनेमाघरों में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लाइव स्क्रीनिंग की जाएगी. इसके लिए टिकट प्राइस की शुरुआत 100 रुपये से रखी गई है.

## सम्पादकीय

### किससे है ये परदादारी?

*चीन ने भारत के खिलाफ लगातार हमलावर रुख अपनाए रखा है, तो यह बात देश की जनता को मालूम होनी चाहिए, ताकि देश की सुरक्षा पर मंडरा रहे इस खतरे का मुकाबला करने के मुद्दे पर देश में आम सहमति तैयार हो सके। हैरतअंगेज है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी सैनिकों के साथ भारतीय जवानों की हुई दो मुठभेड़ों की खबर को भारतीय जनता से छिपाया गया। उन मुठभेड़ों में शामिल भारतीय जवानों को भारतीय सेना के बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, लेकिन उन सैनिकों की वीरता की कहानी से संबंधित वीडियो को यूट्यूब पर डालने के बाद वहां से हटा लिया गया। खबर यह है कि जून 2020 में गलवान मुठभेड़ के बाद भी एलएसी पर चीन की सेना ने हमले किए। भारतीय सेना के बहादुरी पुरस्कारों के कुछ वीडियो से सामने आई है। खुद भारतीय सेना ने ये वीडियो यूट्यूब पर डाले। लेकिन बाद में ये वीडियो यूट्यूब से हटा लिए गए। क्यों? और ऐसा किसके आदेश पर किया गया? इतनी बड़ी घटनाओं को देश की जनता– यहां तक कि विपक्षी दलों से छिपाने के पीछे मकसद क्या है? चीन ने भारत के खिलाफ लगातार हमलावर रुख अपनाए रखा है, तो यह बात देश की जनता को मालूम होनी चाहिए, ताकि देश की सुरक्षा पर मंडरा रहे इस खतरे का मुकाबला करने के मुद्दे पर देश में आम सहमति तैयार हो सके। लेकिन ऐसा लगता है कि कोशिश चीन की कारगुजारियों पर परदा डालने की हुई है। इससे संदेह पैदा हुआ है कि मौजूदा समय में देश की सुरक्षा से ज्यादा अहम केंद्र सरकार की मजबूत छवि की रक्षा करना हो गया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक जिन दो घटनाओं को छिपाया गया, उनमें एक सात जनवरी 2022 को हुई थी। तब एलएसी पर भारतीय सेना की एक चौकी पर पीएलए के कुछ सिपाहियों ने हमला कर दिया। चौकी पर तैनात सिख लाइट इन्फैंट्री की आठवीं बटालियन के सिपाही रमन सिंह ने चीनी सिपाहियों को रोका, जिसके बाद उनके बीच हाथापाई हुई। उसके बाद 27 नवंबर 2022 को पीएलए के 50 सैनिकों ने एलएसी पार करने की और भारतीय सेना की एक चौकी पर कब्जा करने की कोशिश की। जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 19वीं बटालियन ने इन चीनी सैनिकों का मुकाबला किया। इस अभियान में सिंह घायल भी हो गए। इस बहादुरी के लिए उन्हें सेना मेडल दिया गया है।*

# मेधावी छात्रों के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना का हुआ आगाज

## उच्च शिक्षाःहर मेधावी के साथ अभिभावक की तरह खड़ी है सरकारः धामी

देहरादून। राज्य के सरकारी कालेज और विश्वविद्यालय कैंपस के मेधावी छात्रों के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना का शनिवार को आगाज हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्नातक के प्रथम वर्ष में चयनित 241 छात्र–छात्राओं को डीबीटी के जरिए छात्रवृत्ति की राशि दी। कैंट रोड स्थित सीएम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए राष्ट्र के विकास से जुड़ने का आह्वान किया। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 21 वीं शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। साथ ही उनका ख्वाब है वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र लाना। राज्य और राष्ट्र से जुड़े इन दोनों स्वप्नों को साकार युवा शक्ति ही कर सकती है। सीएम ने छात्रों को उनके शैक्षिक सफर में हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। कहा कि कई बार मेधावी, योग्य और क्षमतावान होने के बावजूद युवा उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। संसाधनों का अभाव, माता–पिता की कमजोर आर्थिक स्थिति उनके सामने अड़चन बनकर खड़ी हो जाती है। इसे देखते हुए ही सरकार ने कक्षा छह से लेकर उच्च शिक्षा स्तर तक छात्रवृत्ति योजना शुरू की। इसके साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले मेधावियों को आगे की तैयारी के लिए प्रोत्साहन राशि, कोचिंग आदि की सुविधाएं भी दी जा रही हैं। सरकार हर मेधावी छात्र–छात्रा के साथ उनका अभिभावक की तरह हर वक्त खड़ी रहेगी। इस



मौके पर सीएम ने विभिन्न डिग्री कालेज में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े छात्र–छात्राओं से बातचीत भी की। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि आज उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने उच्च शिक्षा क्षेत्र में मेधावियों के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की। उच्च शिक्षा में प्रदेश आगे बढ़ रहा ह।इस मौके पर उच्च शिक्षा सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष डॉ.देवेंद्र भसीन, उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली, अपर सचिव डॉ. आशीष श्रीवास्तव, निदेशक डॉ. सीडी सूंठा, उपसचिव व्योमकेश दुबे, डॉ. दीपक पांडेय आदि मौजूद रहे।

**25 से 60 हजार तक मिलेंगे एकमुश्त भी**

उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली ने बताया कि फिलहाल छात्रवृत्ति 12 वीं में न्यूनतम 80 प्रतिशत और अधिक पाने वाले छात्र–छात्राओं को दी जा रही है, जिन्होंने स्नातक के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया है। आज डीबीटी के जरिए 33.51 लाख रुपये जारी किए गए हैं। संकायवार तैयार की गई मेरिट लिस्ट के आधार पर प्रथम को तीन हजार, द्वितीय को दो हजार और तृतीय को प्रतिमाह 1500 रुपये दिए जाएंगे। इसके बाद स्नातक और पीजी के अगले चरणों में छात्रों के सालाना परीक्षा के अंकों के आधार पर छात्रवृत्ति दी जाएगी। वर्ष 2023–24 (जून2024 के बाद) में स्नातक उपाधि प्राप्त छात्र–छात्राओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वालों को 35 हजार, 25 हजार और 20 हजार एकमुश्त दिए जाएंगे। स्नातकोत्तर उपाधि या एक वर्षीय पाठ्यक्रम में इसी अवधि में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वालों को एकमुश्त 60 हजार,35 हजार और 25 हजार रूपये मिलेंगे।

# सीएम धामी ने उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित उत्तराखण्ड वन विकास निगम और उच्च शिक्षा विभाग के सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित उत्तराखण्ड वन विकास निगम और उच्च शिक्षा विभाग के सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

वन विकास निगम में 88 और उच्च शिक्षा विभाग के 08 सहायक लेखाकारों को शनिवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित सहायक लेखाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने कार्यक्षेत्र की शुरूआत से ही नियमित दिनचर्या बनाकर कार्य करें। जब हम कोई कार्य ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनहित में करते हैं, तो इससे आत्मसंतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से आपको जनसेवा करने का अवसर मिला है। जन सेवा के लिए ईमानदारी और लगन से कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें हमारे सभी युवाओं की अहम भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा जन सहयोग से हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। जन सहभागिता से राज्य सरकार राज्य की प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रही है।



रोजगार के साथ स्वरोजगार को भी राज्य में तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। विभिन्न विभागों के माध्यम से लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भर्ती प्रक्रियाओं के लिए अधियाचन भेजे गये हैं। अनेक पदों पर भर्ती प्रक्रियाएं गतिमान हैं। राज्य में उद्योगों को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत राज्य को जो निवेश प्रस्ताव मिले हैं, उनमें पहले प्राथमिकता उन्हीं को दी जा रही है, जिनमें स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर अधिक मिलेंगे।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, अध्यक्ष वन विकास निगम कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा उन्नयन समिति डॉ देवेन्द्र भसीन, सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, अपर सचिव आशीष श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक वन विकास निगम एस. पी. सुबुद्धि उपस्थित थे।

## छात्रों ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में सीयूईटी को लेकर छात्रों का आक्रोश दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। सीयूईटी रद्द न करने पर छात्रों ने आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने गढ़वाल विवि से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए अपनी प्रवेश परीक्षा करवाये जाने की मांग की है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि की कुलपति को भेजे ज्ञापन में इंडियन स्टूडेंस वॉइस छात्र संगठन के अध्यक्ष सौरभ चंद्र सानू ने कहा कि विगत दो वर्षों से एनटीए के द्वारा करवाई जा रही सीयूईटी परीक्षा में छात्र–छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। कहा कि सीयूईटी को लेकर अभी तक किसी प्रकार की कोई भी अधिसूचना जारी न करके विद्यार्थियों को असमंजस्य की स्थिति में डाल दिया है। विवि प्रशासन सीयूईटी को लेकर अभी तक अंतिम निर्णय नहीं ले पाया है। कहा कि वर्तमान समय में विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं, जिस वजह से छात्राओं पर मानसिक दबाव भी बढ़ रहा है।

## प्राथमिक विद्यालय गवाणा में स्थाई शिक्षक नियुक्त किया जाय

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय प्राथमिक विद्यालय गवाणा डागर में 15 माह से स्थाई शिक्षक की नियुक्ति न होने के चलते छात्रों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। छात्रों के भविष्य को देखते हुए अभिभावकों और डागर संघर्ष समिति ने संयुक्त रूप से उप जिलाधिकारी कीर्तिनगर सोनिया पंत को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि 15 महीनों से विद्यालय बिना स्थाई शिक्षक के व्यवस्था में चल रहा है। जिसके चलते छात्रों की पढ़ाई निरन्तर नहीं हो पा रही है जिससे उनका भविष्य अधर में लटका है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से जल्द से जल्द राप्रावि गवाणा में स्थाई शिक्षक की नियुक्ति किये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में डागर संघर्ष समिति के सदस्य गौरव राणा, वीरेन्द्र सिंह नेगी, दिनेश चौहान, कुलदीप चौहान, चंद्रशेखर असवाल, अवतार सिंह, प्रेमा देवी, रितु देवी, निर्मला देवी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## विभागों की सेवाओं के बारे में ग्रामीणों को दी जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल : शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिर्सू और जिला आशा प्रशिक्षण केंद्र द्वारा न्याय पंचायत चंमराडा के ढामकेश्वर मंदिर प्रागण में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। इसके साथ ही ग्रामीणों से सभी विभागों की सेवाओं को लेकर चर्चा की गई जिसमें यह ज्ञात हुआ कि सभी विभागों की सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

## गढ़वाल सांसद का चार दिवसीय चमोली दौरा 25 जनवरी से

जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : सांसद गढ़वाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड तीरथ सिंह रावत जनपद चमोली के चार दिवसीय दौरे पर पहुंच रहे है। प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के तहत गढ़वाल सांसद आगामी 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे गोपेश्वर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नव मतदाता वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद अपराह्न 2 बजे से जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेंगे और रात्रि विश्राम लोनिवि गोपेश्वर में करेंगे। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए ध्वजारोहण करेंगे।

# अनीमठ की महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जनपद वासियों में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है। जनपद के सभी मंदिरों को फूल मालाओं और लड़ियों से सजाया गया है और जगह-जगह विष्णु पुराण, सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को जोशीमठ ब्लॉक के अनीमठ स्थित बृद्ध बद्री में सांस्कृतिक महोत्सव के तौर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनीमठ की महिला मंगल दल की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और भजन कीर्तन किया। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि हम इस पल के साक्षी बन रहे जब अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। इस दौरान प्रधान अम्मा देवी, महिला मंगल अध्यक्ष रेखा देवी, बबीता, रश्मि, अनुषा, वीपीडीओ अंजना नेगी सहित गांव की महिलाएं



मौजूद रही। वहीं आज नगर पंचायत पीपलकोटी के द्वारा अगथला के पांडव मंदिर में भजन कीर्तन किया और सफाई अभियान चलाया गया और नगर पंचायत नन्दप्रयाग द्वारा लंगासू के पास कालेश्वर भैरवनाथ मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पंचायत पोखरी के महर्षि वाल्मीकि मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया।

## अटैचमेंट से कंडीसौड़ अस्तपाल के हालात खराब

नई टिहरी : जनपद में बदहाल चल रही स्वास्थ्य सेवाओं को अटैचमेंट और स्टाफ की कमी और खराब करने का काम कर रही है। जिसके बाबत बंस्यूल क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य जयवीर रावत ने डीएम को पत्र लिखकर मेडिकल स्टाफ का अटैचमेंट खत्म कर कंडीसौड़ अस्पताल में रिक्त पदों को भरने की मांग की है। शुक्रवार को जिपंस जयवीर रावत ने डीएम मूयर दीक्षित को पत्र सौंपकर कंडीसौड़ अस्पताल की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए थौलधार विकास खंड के देवप्रयाग अटैच नर्सिंग स्टाफ को वापस कंडीसौड़ भेजने की मांग की है। इसके साथ ही सीएमओ कार्यालय में अटैच डा. अभिलाषा को भी वापस कंडीसौड़ भेजने की मांग की है। इसके साथ ही डीएम से मांग की है कि कंडीसौड़ में रिक्त पदों पर नर्सिंग स्टाफ व डेंटिस्ट की नियुक्ति करने की मांग की है। रावत ने डीएम को बताया कि बिना मतलब के मेडिकल स्टाफ के अटैचमेंट के कारण कंडीसौड़ की स्वास्थ्य सेवायें बदहाल बनी हुई हैं।

# देवप्रयाग में वॉल पेंटिंग और पुताई का कार्य जोरों पर

नई टिहरी : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को देखते भगवान राम की तपस्थली देवप्रयाग में पालिका की ओर से वॉल पेंटिंग और रंगाई पुताई का काम तेजी से किया जा रहा है। साथ ही भाजपा की ओर से जगह–जगह नारे लिखे जाने से राजनैतिक माहौल भी गरमा गया है। देवप्रयाग नगर पालिका की ओर से प्राचीन रघुनाथ मन्दिर, संगम स्थल आदि स्थानों पर रंगाई पुताई कर आकर्षक वॉल पेंटिंग करवाई जा रही हैं।

दीवारों और सीढ़ियों पर भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान सहित मां गंगा आदि की मनमोहक पेंटिंग की जा रही है। भाजपा की ओर से भी पार्टी चिन्ह सहित चुनावी नारे भी लिखे जा रहे हैं। इससे गैर भाजपा दलों के पदाधिकारियों और समर्थकों में खासा रोष बना है, उनके द्वारा जब पेंटरों से ऐसे नारे लिखने वजह पूछी गई, तो उन्होंने बताया कि भाजपा के स्थानीय लोगों द्वारा इस तरह के नारे लिखने को कहा गया है। नगर पालिका प्रशासक व एसडीएम सोनिया पंत ने कहा उनके संज्ञान मामला आया है, उन्होंने मामले की जांच की बात कही है। कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर लिखे जाने की बात का उचित संज्ञान लेकर कार्यवाही की जाऐगी। उधर, तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर पेंटरों से इस तरह के नारे तत्काल मिठाने को कहा है।

# जल संस्थान और जल निगम कर्मचारियों ने धरना दिया



नई टिहरी : जल संस्थान–जन निगम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दो घंटे तक सांकेतिक धरना–प्रदर्शन किया। मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्यवाही न होने पर 1 फरवरी से पूर्ण कार्य बहिष्कार की बात कही है। शनिवार को जल निगम–जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के बैनर तले नई टिहरी और चंबा के कर्मचारियों ने अपने दफ्तरों परिसरों में सुबह 10 से 12 बजे तक सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी राजेंद्र नेगी ने कहा कि शहरी विकास विभाग के तहत संचालित पेयजल और सीवरेज निर्माण कार्यों को यूयूएसडीए एजेंसी से करवाया जा रहा है, जिसका कर्मचारी विरोध करते आ रहे हैं। कहा यूयूएसडीए संस्था उक्त कार्यों का तकनीकी अनुभव नहीं है, ऐसे में कार्यों की गुणवत्ता नहीं रह पाऐगी। कहा कर्मचारियों द्वारा जल संस्थान और जल निगम का एकीकरण किये जाने का विरोध भी किया गया है। बताया 23 और 24 जनवरी को दो घंटे का कार्य बहिष्कार, 25 को जिलों और नगरों में कर्मचारी और पेंशनर्स रैली, 27 जनवरी को पूरे दिन का धरना दिया जाएगा। 1 फरवरी से पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाऐगा। धरना प्रदर्शन करने वालों में नीरज त्रिपाठी, नंदकिशोर कोठियाल, जोत सिंह नेगी, प्रमोद डबराल, अभिषेक शाह, लक्ष्मण पंवार, राहुल थपलियाल, बलवीर बिष्ट, दीवान नेगी, देवलाल, राजपाल सिंह राणा, ईई केएन सेमवाल, अमजद खान, सुभाष चौधरी, हमशिवा, ममता नेगी, इंद्रराज पंवार, शुभम शर्मा, जितेंद्र सकलानी, संतोष पंवार, अनिल भट्ट, जयपाल रावत, चंद्रभूषण पेटवाल, हर्षमणि ममगाईं, विकास तिवाड़ी, संजय नेगी, अंकित कुमार, रविंद्र चमोली, कुशाल नेगी, मनोज पंवार, भजन सिंह मौजूद रहे। (एजेंसी)

## कर्णप्रयाग में बन रही मतदाता सूची में हो रही मनमानी

चमोली : निकाय चुनावों के लिए बन रही मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप भाजपाइयों ने लगाया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में भाजपा नेताओं ने कहा कि दावा आपत्तियों के दौरान कई फर्जी नामों को सूची में चढ़ाया गया। लेकिन शिकायत के बावजूद भी अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुभाष चमोली, पूर्व जिला महामंत्री पंकज डिमरी, नगर उपाध्यक्ष आलम सिंह आदि ने कहा कि नगर में 15 फरवरी तक दावा आपत्तियों को दर्ज करने का समय था। लेकिन इस दौरान नगर पालिका एवं अन्य स्थानों पर कई मतदाताओं के नाम थोक में चढ़ाए गए हैं। जो कि निर्वाचन के तहत तैयार होने वाली मतदाता सूची के नियमों के खिलाफ है। साथ ही कई ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं के नाम भी चढ़ाए जा रहे हैं। भाजपाइयों ने कहा कि शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग और मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी मामले का लाया जाएगा। इधर मामले में एसडीएम संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि अभी मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है आएगा तो जांच एवं उचित कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

# रामभक्तों ने निकाली अक्षत कलश यात्रा

रुद्रप्रयाग : अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह जगह उत्सव मनाया जा रहा है। ऊखीमठ में श्रीराम अक्षत्र कलश शोभा यात्रा समिति द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के महिला मंगल दलों, कीर्तन मण्डलियो से जुड़ी महिलाओं, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विद्यालयों के नौनिहालों व हजारों राम भक्तों ने प्रतिभाग किया। अक्षत्र कलश शोभा यात्रा के दौरान ऊखीमठ क्षेत्र में माहौल भक्तिमय बना रहा। राम भक्तों को अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरित किए गए। अक्षत्र कलश शोभा यात्रा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र की झाकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के राम भक्त मधुगंगा हैलीपैड पर एकत्रित हुए जहां से 11:30 बजे अक्षत्र कलश शोभा यात्रा मुख्य बाजार के लिए रवाना हुई। यात्रा के मुख्य बाजार पहुंचने पर स्थानीय व्यापारियों व हजारों राम भक्तों ने पुष्प वर्षा कर अक्षत्र कलश शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। भक्तों द्वारा प्रभु राम के जयकारों से सम्पूर्ण माहौल भक्तिमय हो गया। ओंकारेश्वर मन्दिर के प्रधान पुजारी शिव शंकर लिंग, खंड संघ संचालक दलवीर पुजारी व स्वामी भागवानन्द गिरी ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के जीवन पर विस्तृत से प्रकाश डाला। अन्त में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र की आरती उतारने के बाद सभी राम भक्तों को अयोध्या से आए पूजित अक्षत्र वितरित किए गए। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, राज्यमंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट, कार्यक्रम संयोजक विजय राणा, भाजपा ऊखीमठ मण्डल अध्यक्ष अनुसोया प्रसाद भट्ट, महामंत्री दलवीर नेगी, नन्दन सिंह रावत, व्यापार संघ अध्यक्ष राजीव भट्ट, प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह नेगी, रघुनाथ सिंह नेगी, महेश बर्त्वाल, सुरेन्द्र दत्त नौटियाल, खण्ड कार्यवाह तेज प्रकाश त्रिवेदी, प्रर्मिला देवी, गुड्डी राणा, अंजना रावत, रेखा रावत, कुलदीप रावत, नर्मदा देवी, प्रदीप त्रिवेदी, दर्शनी पंवार, सुंदरी देवी, गायत्री देवी, हेमलता नौटियाल, सन्दीप पुष्पवान, बबीता भट्ट, राय सिंह रावत, दलवीर रावत, पवन राणा सहित बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद थे।

# एडीएम ने गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

## बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जनपद में गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने शनिवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पुलिस, होमगार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर पालिका, खेल, लोनिवि सहित संबंधित विभागों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी।

एनआईसी कक्ष में बैठक लेते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुलाबराय मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां निकाली जाएंगी, इसके लिए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने समस्त कार्यालयों में 25 व 26 जनवरी को प्रकाशमान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समस्त शासकीय कार्यालयों में प्रातः 9:30 बजे तथा गुलाबराय मैदान में प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई व्यवस्था सहित पंडाल, विद्युत, पेयजल आदि के लिए संबंधित विभागों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को स्कूली छात्र-छात्राओं के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कार्यक्रम स्थल या उनके घर जाकर उन्हें सम्मानित करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने गणमान्य लोगों को निमंत्रण कार्ड समय पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

## कोठगी गांव में तीन दिवसीय रामलीला का शुभारंभ

रुद्रप्रयाग : अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर पूरे देश में उत्साह मनाया जा रहा है। रुद्रप्रयाग के कोठगी गांव में गांव की महिलाएं इस पवित्र क्षण को और भी यादगार बना रही है। उन्होंने प्रभु राम के उत्सव में गांव में तीन दिवसीय रामलीला का शुभारंभ किया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण दर्शक मौजूद हैं। शनिवार को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सविता भंडारी ने रिबन कोटकर रामलीला का शुभारंभ किया। उन्होंने महिलाओं को बधाई दी और उनके इस अभिनय कार्य की सराहना की। गांव की बेटियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला की गई जबकि महिलाओं द्वारा रामलीला का भव्य मंचन किया गया। इस दौरान रावण, कुंभकरण और विभिषण की तपस्या से भगवान ब्रह्मा ने उन्हें मनवांछित वर दिया। कोठगी में पहली बार महिलाओं द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। जिसके कोठगी, मदोला, घोलतीर सहित अनेक गांवों के लोगों ने प्रशंसा की। शनिवार से शुरू होने वाली रामलीला का समापन 22 को होगा। इसके साथ ही 22 को महिला मंगल दलों द्वारा भजन कीर्तन भी किए जाएंगे। गांव में विशाल भंडारा आयोजित होगा।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 273-DRM-MB-23-24 Date - 20.01.2024 |
| कार्य का नाम | Provision of water level monitoring system on Br. no. 1252(MB-SRE), Br. No. 30 (RAC-SPC), Br. No. 974 (BTRA-SPN) and 1077 (DAN-NRS) over MB division under DEN/I/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय: 15.02.2024 16:00 Hrs | अनुमानित लागत: 20,08,721.36 |
| धरोहर राशि: 40,200.00 | टेंडर फार्म की लागत: शून्य |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि: 01.02.2024 | आफर की वैधता: 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि: 36 माह | |
| टेंडर संख्या दिनांक | 275-DRM-MB-23-24 Dt. 20.01.2024 |
| कार्य का नाम | Miscellaneous bridge work in the section of SSE/W/DDN |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय: 15.02.2024 16:00 | अनुमानित लागत: 74,98,137.47 |
| धरोहर राशि: 1,50,000.00 | टेंडर फार्म की लागत: शून्य |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि: 01.02.2024 | आफर की वैधता: 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह | |
| न. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 20.01.2024 | 248/2024 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com